दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 271 ■ भीलवाड़ा ■ शुक्रवार 13 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक, शुक्ल पक्ष-4, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

मेजा नहर की दीवार टूटी, निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

दो दिन पहले ही प्रशासन ने सिंचाई के लिए खोला था पानी, क्षेत्रवासियों का आरोप-घटिया निर्माण

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के बापूनगर क्षेत्र से गुजर रही मेजा बांध की दाईं मुख्य नहर (आरएमसी) की दीवार रात में टूट गई। दीवार टूटने से काफी मात्रा में पानी व्यर्थ बह गया। नहर टूटने से रात में किसी वाहन या व्यक्ति अथवा पशु के नहर में गिर जाने की आशंका भी गहरा गई है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि नहर रिनोवेशन का कार्य 10-15 दिन पूर्व ही हुआ था, लेकिन घटिया निर्माण के कारण यह दीवार टूट गई।

जल संसाधन विभाग ने किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो दिन पहले 11 नवंबर को मेजा बांध की दाईं मुख्य नहर को खोला था। यह पानी गुरुवार शाम को ही शहर तक पहुंचा था। जैसे ही नहर में पानी का दबाव बढ़ा, कमजोर दीवार उसे सहन नहीं कर पाई और टूट गई। घटना की सूचना मिलते ही जल संसाधन विभाग के मेजा उपखंड के कनिष्ठ अभियंता धीरज बेनीवाल अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। विभाग के अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया। समय रहते नहर की दीवार की मरम्मत नहीं की गई तो नहर में पूरे वेग से पानी छोड़ने पर आसपास की कॉलोनियों में पानी घुसने का खतरा बढ़ सकता है। विभाग फिलहाल स्थिति पर नजर बनाए हुए है।



क्षेत्रवासियों ने निर्माण पर उठाए सवाल

नहर अभी चालू कर दी है जबकि पूरी रिपेयरिंग भी नहीं हुई है। दीवारों का काम पिछले 10 दिन से चला और आज सुबह यह दीवार गिर गई। ठेकेदार ने न तो पूरी नींव खोदी। पुरानी नींव के ऊपर ही यह दीवार बना दी और वो भी बहुत कमजोर मटेरियल से बनाई। तराई इसकी बिल्कुल नहीं हुई। नहर के पास आम रास्ता है। ज्यादातर पब्लिक इधर से आती-जाती है। बच्चों के गिरने का डर रहता है। कोई व्हीकल से गिर गया तो जनहानि हो जाएगी। रोड लाइट है वो भी बंद है, और कोई ध्यान देता भी नहीं है इसके ऊपर।

– भगवती लाल नौलखा, बापूनगर

नहर की दीवार दस-पंद्रह दिन पहले ही नई बनाई गई थी। पानी आने के साथ ही आज यह दीवार टूट गई। इससे इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

– मेघाराम सैनी, बापूनगर

जल संसाधन विभाग के जेईएन धीरज बेनीवाल का तर्क

विभाग ने आंवरी माता मंदिर से पीएंडटी चौराहा से तीन पुलिया आगे नहर का नया काम कराया था। उससे आगे पुरानी नहर थी, वहां नहर की दीवार को ऊंचा किया गया था। सफाई करवाई कई थी। इसका मलबा भी पास ही रखा था। नहर की दीवार का जो हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है, वह काफी पुराना है। हमने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया है। जहां से नहर क्षतिग्रस्त हुई है, वहां बल्लियों की बैरिकेडिंग या फेंसिंग करवाएंगे या रेत के कट्टे रखवाएंगे, ताकि कोई हादसा नहीं हो।

सर्द रात में बजी ममता की घंटी, पालना गृह में मिली नन्ही परी को मिला दीया नाम

■ रात एक बजे एमजीएच के पालने में छोड़ गए ■ सर्दी लगने से बच्ची को सांस लेने में तकलीफ

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर में बीती रात जब सर्दी के बीच पूरा शहर गहरी नींद में सोया था, तब रात करीब एक बजे महात्मा गांधी अस्पताल की मातृ एवं शिशु इकाई स्थित पालना गृह की घंटी अचानक गूंज उठी। यह घंटी किसी अनहोनी की नहीं, बल्कि एक नन्ही सी जान को नया जीवन मिलने की आहट थी। कोई अज्ञात व्यक्ति सर्दी के बीच एक नवजात बालिका को पालने में छोड़कर चला गया। घंटी की आवाज सुनते ही सतर्क एनआईसीयू स्टाफ ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सर्दी से ठिठुरती मासूम को अपनी बाहों में समेटा और बिना देर किए गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कर उपचार शुरू किया। अस्पताल में भर्ती होने के बाद जब चिकित्सकों ने बच्ची की प्रारंभिक जांच की, तो सामने आया कि रात की सर्द हवाओं के कारण मासूम को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। इसके अलावा, जन्म के समय उसका वजन महज 1.9 किलोग्राम पाया गया, जो सामान्य से काफी कम है। कम वजन और ठंड के असर को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे विशेष निगरानी में रखा है। अस्पताल स्टाफ और चिकित्सक पूरी संवेदनशीलता के साथ इस नन्ही जान की देखभाल में जुटे हैं। भले ही अपनों ने इस मासूम से मुंह मोड़ लिया हो, लेकिन अस्पताल के पालना गृह ने उसे सुरक्षित आंचल दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चंद्रकला ओझा अपनी टीम के साथ तुरंत महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने एनआईसीयू प्रभारी और अस्पताल प्रशासन से बच्ची के स्वास्थ्य को लेकर विस्तार से चर्चा की। समिति ने इस नन्ही परी की जिंदगी में उजाला भरने के उद्देश्य से उसे दीया नाम दिया। समिति बच्ची के जीवन और सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए अस्पताल प्रशासन को एक आधिकारिक पत्र भी सौंपा है, ताकि उसके उपचार में किसी तरह की कोई कमी न रहे।




विक्रम सिंह सोनी
राजस्थान के जाने-माने ज्योतिषाचार्य
ज्योतिष सम्बन्धित सभी समस्याओं का तुरंत निवारण सशुल्क ऑनलाईन किया जाता है।
मिलने के लिए आप 3 से 6 प्रतिदिन फोन करके पधारें।
डांगी फैक्ट्री के पीछे, सांवरिया मंदिर के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा
9509837485, 6350542648

रास्ते में तेज हुई प्रसव पीड़ा, 108 एम्बुलेंस में ईएमटी की सूझबूझ से गूंजी नवजात की किलकारी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले के गंगापुर क्षेत्र में अस्पताल पहुंचने से पहले ही 108 एम्बुलेंस के भीतर एक महिला ने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। एम्बुलेंस कर्मियों की तत्परता और सूझबूझ से यह सुरक्षित प्रसव संभव हो सका, जिसके बाद जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। जानकारी के अनुसार, सांगरिया गांव निवासी 21 वर्षीय पूजा प%ी नारायण जंगलिया को प्रसव पीड़ा होने पर 108 एम्बुलेंस के जरिए राजकीय जय अंबेश गुरु सेटेलाइट अस्पताल गंगापुर ले जाया जा रहा था।

इसी दौरान रात 11.37 बजे गठीला फॉर्म के पास रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा अचानक अत्यधिक बढ़ गई। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए एम्बुलेंस को बीच रास्ते में ही रोकना पड़ा। एम्बुलेंस में मौजूद ईएमटी विशाल सुवालका ने बिना एक पल गंवाए अपनी सूझबूझ का परिचय दिया और एम्बुलेंस के अंदर ही सुरक्षित प्रसव कराया।



कुछ ही देर में एम्बुलेंस में नवजात की किलकारी गूंज उठी। सफल प्रसव के तुरंत बाद जच्चा और बच्चा दोनों को राजकीय जय अंबेश गुरु सेटेलाइट अस्पताल गंगापुर में भर्ती कराया गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि मां और नवजात बेटी दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। इस आपात स्थिति में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सुरक्षित प्रसव कराने वाले ईएमटी विशाल सुवालका और एम्बुलेंस पायलट महेंद्र कुमार वर्मा के सराहनीय कार्य की परिजनों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की है। परिजनों ने दोनों कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि आपातकालीन परिस्थितियों में 108 एम्बुलेंस सेवा कितनी जीवनरक्षक साबित हो रही है।

छीपा बिल्डिंग के पास स्थित रेडीमेड शोरूम में आग से लाखों का नुकसान

बीती रात 11 बजे की घटना से सहमे लोग, दमकलों ने काफी मशक्कत के बाद पाया काबू

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के व्यस्त इलाके में छीपा बिल्डिंग के पास स्थित लोटस रेडिमेड शोरूम में गुरुवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की इस घटना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर से ही धुएं का गुबार आसमान में उठता हुआ दिखाई दे रहा था। इस घटना में पास की दुकानों में भी नुकसान हुआ। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही नगर निगम की दो दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के काम में जुट गईं। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग को आसपास की अन्य दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में शोरूम के अंदर रखा सामान, रेडीमेड कपड़े और अन्य कीमती वस्तुएं जलकर पूरी तरह राख हो चुकी हैं, जिससे मालिक को लाखों रुपये का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि रात का समय होने और बाजार बंद होने के कारण किसी प्रकार की जनहानि की कोई सूचना नहीं मिली है। फिलहाल आग लगने के असली कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को मुख्य कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस और दमकल विभाग मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं ताकि नुकसान का सही आंकलन किया जा सके और आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।






सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा
नियमित परामर्श सेवाएं
आपके शहर भीलवाड़ा में
डॉ. राहुल नाहर
ENT & Head Neck Surgery
MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist
डॉ. सुश्रुत कालरा
Plastic, Hand & Cosmetic Surgeon
MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Chelmsford, UK).
Fellowship in Cosmetic Surgery (Cadogan Clinic, UK).
Ex faculty SMS hospital jaipur.
डॉ. अरुण आर्य थोरात
Medical Gastroenterologist
MBBS, MD (General Medicine), Dr. NB (Medical Gastroenterology)
समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
स्थानः- नाहर स्क्वायर सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को
Book An Appointment : 94622 39072, 9784024973
RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S
CKSHospitals CKSHospitals www.ckshospitals.com
CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur

■ भोजपुरी कलाकार संगीता तिवारी सहित कलाकार देंगे प्रस्तुतियां ■ पूर्वांचल समाज में त्यौहार को लेकर उत्साह, तैयारियां जोर शोर से

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू, आज शाम भजन संध्या

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा


लोक आस्था के छठ महापर्व के चार दिवसीय आयोजन आज से नहाय-खाय के साथ ही शुरू हो गए हैं। आज व्रती महिलाओं ने पवित्र स्नान कर घरों की साफ-सफाई की। सात्विक भोजन ग्रहण कर व्रत का संकल्प लिया। छठ पूजा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आज शाम मानसरोवर झील पर भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसमें भोजपुरी कलाकार संगीता तिवारी, भोला पांडे, देवेश सिंह कुंदन, पूनम पांडे और नीरज प्रिया साथी अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। छठी मैया के भजन गूंजेंगे। भोजपुरी गीत-संगीत और पारंपरिक लोक संस्कृति से सजी इन प्रस्तुतियों के माध्यम से छठ महापर्व की सांस्कृतिक छटा देखने को मिलेगी।

पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति की ओर से मानसरोवर झील, वाटर वर्क्स और लव गार्डन स्थित घाटों पर छठ पूजा को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

समिति के मुख्य संरक्षक श्री निंबार्क आश्रम गांधीनगर के महंत मोहन शरण जी शास्त्री ने बताया कि छठ महापर्व केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि आस्था, तपस्या, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और सामाजिक समरसता का महापर्व है। संस्था अध्यक्ष अरुण राय ने आज सर्किट हाउस में पत्रकारवार्ता में बताया कि 14 नवंबर को खरना होगा। इस दिन व्रती महिलाएं दिनभर उपवास रखती हैं और शाम को पूजा-अर्चना के बाद गुड़ की खीर एवं रोटी का प्रसाद ग्रहण करती हैं। इसके बाद लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है। 15 नवंबर को व्रती महिलाएं परिवार के सदस्यों के साथ सूप में फल, ठेकुआ, गन्ना, नारियल और पूजन सामग्री लेकर छठ घाटों पर पहुंचेंगी तथा अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी। अंतिम दिन 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके साथ ही छठ महापर्व का समापन होगा। समिति के मीडिया प्रभारी विक्रम झा ने बताया कि संरक्षक अशोक सिंह, सुरेश चंद्रवंशी, रोशन सिंह सहित समिति कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं।



मधुबनी शैली में छठ पूजा महापर्व



आकृति कला संस्थान की युवा चित्रकार अनु प्रजापत ने पूर्वांचल के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर मधुबनी (मिथिला) चित्रकला शैली में कलाकृति का निर्माण किया है। इस कलाकृति के माध्यम से उन्होंने छठ महापर्व की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्ता को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। चित्रकार अनु ने पेंटिंग में छठ पूजा से जुड़ी पारंपरिक मान्यताओं, लोक आस्था, सूर्य उपासना, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना जैसे भावों को चित्रित किया है। छठ पर्व में भगवान सूर्य एवं छठी मैया की आराधना के साथ प्रकृति और जल के महत्व को भी विशेष रूप से दर्शाया गया है।

WORTHYTECH SOLUTIONS
IDEAS | TECHNOLOGY | GROWTH
We Build Solutions for Your Business at an Affordable Cost.
WEBSITE DEVELOPMENT
SOFTWARE DEVELOPMENT
APP DEVELOPMENT
DIGITAL MARKETING
INTERNSHIP & TRAINING PROGRAMS for New Beginners
G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara (Raj.) – 311001
9982376430
www.worthytechsolutions.com
info@worthytechsolutions.com

छठ पूजा पर सर्वश्रेष्ठ घाट को यूनेस्को देगा पुरस्कार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

छठ महापर्व पर प्रोत्साहन की दृष्टि से जिला यूनेस्को एसोसिएशन के तत्वावधान में सर्वश्रेष्ठ घाट सजावट व स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न घाटों को शामिल किया गया है।

स्टेट फेडरेशन ऑफ़ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाललाल माली ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ घाट को जिला यूनेस्को एसोसिएशन व पूर्वांचल जन चेतना समिति की ओर से 5100 रुपए का नगद पुरस्कार सहित ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। एसोसिएशन अध्यक्ष ललित अग्रवाल की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। कमेटी में कोषाध्यक्ष विशाल विजयवर्गीय, संगठन मंत्री कमलेश जाजू, साधना मेंलाना, जवाहर फाउण्डेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा, पार्षद महेन्द्र सिंह, अशोक विश्नोई, थान सिंह, विक्रम साहनी, रविन्द्र भारती, ऋषीराज, लीलाकांत चौधरी शामिल हैं।


Rideloo
Safar ho ya ambulance, sab ek app se
भीलवाड़ा की अपनी Ride Booking App
शहर में कहीं जाना हो, ट्रैफिक से परेशान या घर पे गाड़ी नहीं तो
आज अभी BOOK करें!
DRIVERS / RIDERS के लिए
कमाई का सुनहरा अवसर
Rideloo Partner App डाउनलोड करें
0% COMMISSION
AUTO BIKE CAB AMBULANCE
BOOKING, SUPPORT & RIDER REGISTRATION
96943 97383 | 92166 69115

DR. APURVA'S
COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं
डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD)
(BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ
डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट कैनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोत्तम दर्द रहित उपचार
Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज
• फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना
• इम्प्लान्ट • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता– ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Value
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

अच्छी खबर: लिंगानुपात तीन अंक बढ़ा, मतदाता जनसंख्या अनुपात 619

जिले में पुरुषों से ज्यादा महिला मतदाता, लिंगानुपात 966 हुआ

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिले के सात विधानसभा क्षेत्र में कुल 18 लाख 14190 मतदाता हैं। इनमें 9,22,823 पुरुष एवं 8,91,367 महिला मतदाता हैं, जो पिछली अंतिम सूची की तुलना में 32,795 की शुद्ध वृद्धि दर्शाता है। जिले का लिंगानुपात 963 से बढ़कर 966 हो गया है। मतदाता-जनसंख्या अनुपात 619 है। ये आंकड़े हाल ही जारी प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी, 2027 के संदर्भ में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया। दावे एवं आपत्तियां 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर, 2026 तक प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त दावे आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसम्बर तक तथा नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी, 2027 को किया जायेगा। जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1531 मतदान केन्द्र लोकेशन पर 2198 मतदान बूथ स्थापित हैं जिन पर 2198 बीएलओ एवं 226 सुपरवाइजर नियुक्त हैं।

बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को नियुक्त बीएलए-1 के माध्यम से बीएलए-2 की नियुक्ति निर्धारित प्रपत्र में किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी संधू द्वारा पब्लिश्ड इलेक्टोरल रोल पेन ड्राइव में प्रदान किए गए। प्रारूप मतदाता सूची की प्रतियां ईआरओ (एसडीएम) द्वारा संबंधित विधानसभा मुख्यालय पर उपलब्ध कराई जायेंगी।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान आम मतदाताओं को सहयोग एवं जानकारी प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय पर प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक जिला सम्पर्क केन्द्र 01482-220093 (टोल फ्री नम्बर 1950) की सुविधा उपलब्ध है। बैठक में एडीएम प्रशासन डॉ हरीतिमा, चुनाव शाखा से कैलाश, बीएसपी से किशन लाल कीर, आईएनसी से मुश्ताक अली मंसूरी, ईश्वर खोईवाल, बीजेपी से दुर्गेश शर्मा, आरएन व्यास, आम आदमी पार्टी से रणजीत सिंह कारोही उपस्थित रहे।



विशेष:लोकजीवन सरपंच संवाद

गृहणी से सरपंच तक : अब धांधोला की तकदीर बदलने की बारी!

सोनू नरेश मीणा के सामने विकास की बड़ी चुनौती, पानी-सड़क-रोजगार से लेकर शिक्षा तक बदलाव का विजन

3200 आबादी, तीन गांव और विकास की बड़ी उम्मीदें : पहले 100 दिनों में मूलभूत सुविधाओं पर रहेगा फोकस



भगवत सिंह टाक
लोकजीवन न्यूज सर्विस, जहाजपुर

कभी परिवार के साथ खेती-किसानी और पशुपालन में हाथ बंटाने वाली गृहणी, आज नवगठित ग्राम पंचायत धांधोला की मुखिया बनी हैं। यह सफर है ग्राम पंचायत धांधोला की नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती सोनू नरेश मीणा का, जिनके सामने अब चुनावी जीत को विकास की जीत में बदलने की बड़ी चुनौती है। दैनिक लोकजीवन की विशेष मुहिम 'सरपंच संवाद' में सोनू मीणा ने अपने राजनीतिक सफर, चुनावी जीत के आधार, पंचायत की समस्याओं और पांच वर्षीय विकास विजन को लेकर दैनिक लोकजीवन के साथ खुलकर अपनी बात रखी।

रोजगार की कमी और पलायनज पंचायत के सामने सबसे बड़ी चुनौती

पंचायत की समस्याओं पर सरपंच ने रोजगार की कमी और युवाओं के पलायन को प्रमुख चुनौती बताया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर होने के कारण स्थानीय रोजगार के अवसर सीमित हैं। इसके अलावा पेयजल, सड़क, नालियों, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है।

व्यवस्था से असंतोष ने राजनीति में आने की राह दिखाई

राजनीति में आने से पहले सोनू मीणा पूरी तरह गृहणी थीं। परिवार के साथ खेती-किसानी और पशुपालन में सहयोग करती थीं। गांव की समस्याओं और व्यवस्था से असंतोष ने उन्हें बदलाव के लिए आगे आने की प्रेरणा दी। पानी, सड़क, शिक्षा और सामाजिक भेदभाव जैसे मुद्दों को लेकर उन्होंने चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय लिया।

अब जनता को इंतजार है परिणाम का!



चुनाव में जनता ने भरोसा जताया, अब उस भरोसे को विकास में बदलने की बारी है। पेयजल, सड़क, रोजगार और शिक्षा जैसे मुद्दों पर पंचायत कितनी तेजी से आगे बढ़ती है, यह आने वाला समय तय करेगा। धांधोला, छाजेला का खेड़ा और गोरमगढ़ के ग्रामीणों की नजरें अब नई सरपंच के कामकाज पर टिकी हैं।

जातिगत समीकरणों से ऊपर विकास का भरोसा

चुनावी जीत के आधार पर सरपंच ने विकास के विजन, सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के भरोसे और ग्रामीणों के समर्थन को महत्वपूर्ण बताया। उनके अनुसार जनता ने जाति और पुराने सामाजिक बंधनों से ऊपर उठकर विश्वास जताया। परिवार के सहयोग ने भी राजनीतिक सफर को मजबूती दी।

पांच साल का रोडमैपज सड़क, पानी और स्मार्ट गांव

आगामी पांच वर्षों में पक्की सड़कें, सीमेंट की पक की नालियां, नियमित सफाई और घर-घर पेयजल पहुंचाने पर प्राथमिकता रहेगी। सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आधुनिक पुस्तकालय और बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने का विजन है। गांवों में सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल सेवाओं का विस्तार और महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करने की योजना है।

पहले 100 दिनज समस्याओं पर सीधा प्रहार

शुरुआती 100 दिनों में पेयजल, खराब रास्तों की मरम्मत, जलभराव, नालियों की सफाई और गंदे पानी की निकासी को प्राथमिकता देने की बात कही। सरकारी स्कूलों की सुविधाओं को मजबूत करने और नियमित ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सुनने पर भी जोर रहेगा।

तीन गांवों की उम्मीदें, एक सरपंच की जिम्मेदारी

नवगठित ग्राम पंचायत धांधोला में धांधोला, छाजेला का खेड़ा और गोरमगढ़ गांव शामिल हैं। करीब 3200 आबादी वाली पंचायत की जिम्मेदारी सोनू नरेश मीणा संभाल रही हैं। बीए, बीएड और एमए (राजनीति विज्ञान एवं इतिहास) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाली सरपंच के सामने ग्रामीण विकास को धरातल पर उतारने का अवसर है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 11 दिसंबर तक विशेष अभियान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 11 दिसम्बर 2026 तक मतदाता सूची में समस्त पात्र नागरिकों का पंजीयन सुनिश्चित करने एवं मतदाता सूची को अद्यतन करने के उद्देश्य से विशेष अभियान शुरू हो गया है। विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं एवं प्रथम बार मतदाता बनने वाले नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। ऐसे सभी पात्र नागरिक, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे भी इस अभियान के दौरान अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के अनुसार 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता बनने हेतु आवेदन कर सकते हैं। आगामी अर्हता तिथियों 1 अप्रैल 2027, 1 जुलाई 2027 एवं 1 अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं के अग्रिम आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे, जिससे वे निर्धारित अर्हता तिथि पर मतदाता के रूप में पंजीयन हेतु पात्र हो सकें। निर्वाचन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस प्रक्रिया में एसआईआर से संबंधित पूर्व में अपेक्षित घोषणा-पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। पात्र नागरिक बिना किसी अनावश्यक परेशानी के निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

आवेदन एवं संशोधन की प्रक्रिया

फॉर्म 6: नवीन मतदाता के रूप में नाम जुड़वाने हेतु।
फॉर्म 7: मतदाता सूची से नाम हटवाने अथवा नाम सम्मिलित किए जाने पर आमत्ति दर्ज करवाने हेतु।
फॉर्म 8: मतदाता सूची में नाम, पता, आयु, फोटो एवं अन्य प्रविष्टियों में संशोधन अथवा निवास स्थानांतरण हेतु।

बीएलओ को या ऑनलाइन भी कर सकते आवेदन

सभी पात्र नागरिक अपने संबंधित मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग के आधिकारिक पोर्टल voters-eci-gov-in, ECINET मोबाइल एप तथा वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 के माध्यम से भी मतदाता पंजीयन एवं मतदाता सूची से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मतदाता सूची में अपना नाम जांचें

नागरिक प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम, पता एवं अन्य विवरण अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा किसी प्रकार की त्रुटि है, तो निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करें। आवेदन के साथ नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज एवं सही जानकारी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

सूची में अपना नाम जांचें

नागरिक प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम, पता एवं अन्य विवरण अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा किसी प्रकार की त्रुटि है, तो निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करें। आवेदन के साथ नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज एवं सही जानकारी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

गौ सम्मान आह्वान अभियान के तीसरे चरण को लेकर जिले में व्यापक संपर्क



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राष्ट्रीय गौ सम्मान आव्हान अभियान के तीसरे चरण के तहत 17 दिसंबर को जयपुर में मुख्य सचिव को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित 51 करोड़ हस्ताक्षरों से युक्त प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे।

अभियान के अंतर्गत प्रमुख रूप से तीन मांगें रखी गई हैं। इनमें संपूर्ण भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ माता को राष्ट्रमाता अथवा राष्ट्र आराध्य का सम्मान प्रदान करने तथा गौ सेवा के लिए केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय का गठन कर देशभर में एक समान केंद्रीय कानून लागू करने की मांग शामिल है।

मीडियाप्रभारी दिलीप सोनी ने बताया कि अभियान के समर्थन में अधिकाधिक गौ भक्तों के हस्ताक्षर करवाने के उद्देश्य से भीलवाड़ा जिले में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में स्थित गोशालाओं का दौरा कर संतों, गोशाला संचालकों एवं गौ भक्तों से संपर्क किया गया। जिला संत श्रीलाल जी महाराज, संभाग प्रभारी नन्द किशोर साहू, जिला प्रभारी जगदीश तेली, गोशाला समिति जिलाध्यक्ष गोपाल बांगड़, कार्यालय प्रभारी बाबूलाल टाक एवं सोशल मीडिया प्रभारी हरीश श्रोत्रिय ने खजीना, बीगोद, त्रिवेणी चौराहा, माण्डलगढ़, चांदजी की खेड़ी, तिलस्वां, शक्करगढ़, जहाजपुर, पण्डेर एवं शाहपुरा क्षेत्र की गोशालाओं का दौरा किया।

जनप्रतिनिधियों व जिला कलेक्टरों से करेंगे चर्चा

पश्चिमी राजस्थान में गोवंश की स्थिति का जायजा ले रहे विधायक कोठारी

राहत एवं संरक्षण की कार्ययोजना बनाकर सरकार को भेजेंगे

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बाड़मेर एवं जैसलमेर सहित सीमावर्ती जिलों में अल्पवर्षा के कारण उत्पन्न गंभीर जल संकट और चारे की कमी से गोवंश के सामने खड़ी हुई चुनौती को देखते हुए भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वे विभिन्न प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर गोवंश के लिए संचालित सहायता केंद्रों एवं गोशालाओं का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं, चारा-पानी की उपलब्धता तथा गोवंश की स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

विधायक कोठारी गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करने के साथ ही गौशाला संचालकों और गौसेवकों से संवाद कर रहे हैं। उनका उद्देश्य मौजूदा संकट के समय गोवंश को अधिकाधिक राहत उपलब्ध कराने के लिए व्यावहारिक एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना है। विधायक कोठारी ने श्री पादरुद रजत गौशाला, मसूदा पहुंचकर गौमाता एवं नंदी बाबा के दर्शन किए। गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने गौवंश के लिए उपलब्ध चारे, पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी लेते हुए गौसेवा और संरक्षण के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में सुझाव दिए।

विधायक कोठारी ने कहा कि गोवंश का संरक्षण केवल किसी एक संस्था या गौशाला की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज का सामूहिक दायित्व है। वर्तमान परिस्थितियों में गौशालाओं, गौसेवकों, सामाजिक संस्थाओं एवं दानदाताओं को मिलकर आगे आना होगा, ताकि जल एवं चारे के संकट से जूझ रहे गोवंश को समय पर राहत मिल सके। कोठारी विधायकों, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित कलेक्टरों से भी संवाद करेंगे। सभी सुझावों एवं आवश्यकताओं के आधार पर एक समग्र कार्ययोजना तैयार कर राज्य सरकार को भेजी जाएगी, ताकि शासन स्तर पर भी आवश्यक सहयोग एवं संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

विधायक कोठारी के साथ इस अभियान में पथमेड़ा गौशाला की एक टीम रहेगी। निजी दानदाताओं, भामाशाहों एवं सामाजिक संगठनों से गौसेवा के लिए सहयोग जुटाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की जाएगी, जिससे संकटग्रस्त क्षेत्रों में चारा, पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। कोठारी के साथ सुनील जागेटिया, विवेक निमावत सहित गौसेवक उपस्थित रहे।

आइकन का वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 2026 संपन्न

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

आइकन इंस्टिट्यूट व कॉम्पीटिशन क्लासेस का वार्षिक खेलकूद समारोह 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में लगभग 150 खिलाडियों ने विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं की क्रिकेट प्रतियोगिता में आइकन क्वींस विजेता रही। टीम की कप्तान प्रियल सेन थीं।

छात्रों की क्रिकेट प्रतियोगिता में आइकन वॉरियर्स ने विजेता का खिताब जीता। टीम के कप्तान राहुल यादव रहे। कैरम में अनिल चौधरी और सौरभ खंडेलवाल की टीम ने, शतरंज में पवित्रा माहेश्वरी, छात्राओं की बैडमिंटन प्रतियोगिता में आकांक्षा जोशी और छात्रों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में हर्ष मुंदड़ा विजेता रहे। विजेताओं को आइकन के चीफ मेंटर अनिल चौधरी, निदेशक अनुराधा चौधरी सहित सभी शिक्षकों ने पुरस्कार प्रदान किए। आयोजन समन्वयक सौरभ खंडेलवाल और रोशन धाकड़ ने बताया कि समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क को बढ़ावा देना था।





16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महोत्सव 17 से पुलिस प्रशासन ने देखी तैयारियां

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



शहर में 20 नवम्बर को श्रद्धा एवं भक्ति का नया इतिहास बनाने जा रहे 16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महामहोत्सव के लिए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। आजादनगर स्थिति मेडिसिटी ग्राउण्ड की सफाई एवं स्वच्छता के लिए गौवत्स विष्णुश्री कृष्णतनय महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं द्वारा श्रमदान किया गया। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया।

आयोजन समिति के संयोजक एस.एन.गग्गड़ ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लेने के लिए शहर पुलिस उप अधीक्षक सज्जन सिंह, यातायात पुलिस प्रभारी बाबुलाल, प्रतापनगर थाना प्रभारी सुनील टाड़ा, पुष्पा कासोटिया आदि पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा व वाहन पार्किंग के हिसाब से की जाने वाली तैयारियों पर चर्चा की।

श्रमदान करने वालों में आयोजन समिति के आचार्य पंडित योगेन्द्र शर्मा, संयोजक एस.एन.गग्गड़, समिति के कार्यालय प्रभारी रजनीकांत आचार्य, गोपीकिशन पाटोदिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष छगनलाल जैन,उपाध्यक्ष हनुमान अग्रवाल, मुकेश चेचाणी, प्रेमप्रकाश पुरोहित, जगदीश वैष्णव, मुकेश राठी, श्याम झंवर, रतनलाल, अनिल पारीक, अनिल टेलर, श्याम पुरोहित, अनिल बनेड़ा, रविकांत शर्मा, शुभम, रतन अजमेरा, जगदीश जांगिड़, महेश पांडेय, प्रहलाद अजमेरा, गोपाल सुवालका, बछराज सिंह सहित बड़ी संख्या में भीलवाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालु शामिल थे।

कितने भी कष्ट आए भक्ति-भजन नहीं छूटने चाहिए: आचार्य शास्त्री

हनुमान टेकरी पर श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जीवन में कितने भी कष्ट आ जाए भक्ति और भजन छूटने नहीं चाहिए। भगवान हमारी परीक्षा लेते हैं और उस दिन भक्ति और भजन छूट जाए तो प्रभु कृपा से वंचित हो जाते हैं।

ये विचार छोटी हरणी स्थित श्री टेकरी के बालाजी काठियाबाबा आश्रम पर महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव आयोजन के दूसरे दिन व्यासपीठ से वृन्दावन के प्रख्यात कथावाचक गौरक्षक आचार्य महेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भक्ति के मार्ग में बहुत कष्ट आते हैं पर अडिग रहते हैं तो परमात्मा की कृपा हो जाती है। जिस दिन आप प्रभु से याचना बंद कर उसे अपना मानने लगेंगे उस दिन से परमात्मा भी आपको अपना मान लेगा। दूसरे दिन कपिल-देवहूती संवाद, सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र आदि प्रसंगों का वाचन किया गया। कथा के दौरान कई संत महात्माओं का सानिध्य भी प्राप्त हुआ। शास्त्रीजी ने कथा आयोजन के सूत्रधार महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा की बालाजी महाराज के प्रस्तावित मंदिर एवं विशाल गौशाला की भावना की सराहना करते हुए नए मंदिर बनाने से अधिक जरूरी है जो मंदिर है उनकी पूरी सार संभाल की जाए और उनको भव्यता प्रदान की जाए। कथा के दौरान व्यास पीठ से भजन प्रारंभ होते ही कई श्रद्धालु भाव विभोर होकर नृत्य करने लगते।



व्यास पीठ की पूजा एवं आरती करने वालों में महापौर जसवंत कंवर, उप महापौर राधेश्याम सोमानी, सत्येन्द्र बिरला, हरिनारायण माली, तेजसिंह, रेखाकंवर झाला, ललिता कंवर, श्यामसुन्दर व्यास, गजेन्द्र लोढ़ा, भंवरदास वैष्णव, रणजीतसिंह कारोही, योगराज सिंह, छीतरलाल, भरत सोनी, गोपाल शर्मा, प्रेमलता शर्मा, लीलादेवी, अनिता कंवर, रेणु सोमानी, शशिकुमार शर्मा, गोपाल जोशी, गोपाल चौधरी, नंदकिशोर सोनी, भगवान सिंह, भगवतीलाल महाराज आदि शामिल थे।

प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा कल

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

महात्मा गांधी जीवन दर्शन संस्थान जिला भीलवाड़ा द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारतरत्न पण्डित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर 14 नवंबर को संस्थान के जिला संयोजक अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रात:10:15 बजे नेहरू गार्डन प्राइवेट बस स्टेण्ड के पास किया जायेगा। संस्थान के पदाधिकारी, सदस्य एवं आम नागरिक सम्मिलित होंगे।

सारस्वत समाज का दीपावली स्नेह मिलन 15 को, तैयारियां अंतिम चरण में

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

सारस्वत ब्राह्मण समाज भीलवाड़ा का दीपावली स्नेह मिलन एवं आनंद उत्सव-26 का आयोजन 15 नवंबर रविवार को कोटा रोड स्थित यश विहार में हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। समाज के इस सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव को लेकर समाज में उत्साह देखने को मिल रहा है। सारस्वत सेवा मंडल आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है।

मंडल के ओमप्रकाश जोशी ने बताया कि रविवार सुबह 8 बजे से ही विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। रोमांचक खेलकूद प्रतियोगिताएँ होगी। सुरीला संगीत एवं कविता पाठ, एकल एवं सामूहिक नृत्य, अभिनय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएगी। श्लोक वाचन एवं अन्य प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी होगा। परिचय संवाद भी आयोजित होगा। नृत्य में भाग लेने वाली महिलाओं एवं बच्चों के लिए आयोजकों द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जा रही है। आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल परिवारों को एक-दूसरे से मिलने-जुलने का अवसर मिलता है, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का एक बेहतरीन मंच भी प्राप्त होता है। सारस्वत परिवारों के बीच आपसी परिचय और संवाद का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

हमारे लिए जनजाति वोट बैंक नहीं, विकास चाहते: सांसद अग्रवाल

जनजातीय समाज के विकास पर केंद्र सरकार खर्च कर रही 14926 करोड़

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



लोकसभा सचेतक एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनजाति को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। हमारे (भाजपा) लिए जनजाति वोट बैंक नहीं, भारतीय आत्मा है। हम चाहते हैं, जनजाति के नायकों, समाज सुधारकों को इतिहास में महत्त्व मिले। जनजाति का विकास हो।

सांसद अग्रवाल ने सांसद जन संवाद केंद्र पर पत्रकारवार्ता में बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती और 15 नवंबर को मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में भाजपा द्वारा 11 से 18 नवंबर तक जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जा रहा है। आजादी आंदोलन में जनजातीय नायकों का योगदान अतुलनीय रहा है, लेकिन पिछली सरकारों ने उन्हें इतिहास में वह हक और स्थान नहीं दिया जिसके वे असली हकदार थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2021 में 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया गया। भगवान बिरसा मुंडा ने महज 25 वर्ष की अल्पायु में जल, जंगल, जमीन और समाज के स्वाभिमान की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया था। सांसद ने बताया कि केंद्र सरकार जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनजातीय कार्य मंत्रालय का बजट वर्ष 2014-15 के 4,498 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 14,926 करोड़ हो चुका है। पीएम जनमन योजना के तहत 24,104 करोड़ खर्च करके देश के 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के 12.37 लाख परिवारों तक पक्के आवास, सड़कें, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। देश भर में 728 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया के पूर्ण उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

वन अधिकार पट्टों, पेसा कानून , वन धन विकास केंद्रों और आदि महोत्सव के जरिए समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है।

31 मार्च 2026 तक जनजातीय जिलों को नक्सल मुक्त करने का संकल्प पूरा होने के बाद अब इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को और अधिक तेजी दी जा रही है।

जहाजपुर में एकलव्य मॉडल स्कूल, बिरसा मुंडा स्मारक के प्रयास

राजस्थान के 8 जिले जनजातीय प्रभाव वाले हैं, जिनमें बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ में जनजातीय आबादी का अनुपात अधिक है। सांसद अग्रवाल ने बताया कि भीलवाड़ा जिले में जहाजपुर, मांडलगढ़ और रायपुर क्षेत्रों में जनजातीय समाज की अच्छी आबादी है। वहां लगभग 90 हजार से एक लाख वोटर्स हैं। अग्रवाल ने कहा कि जहाजपुर क्षेत्र में जनजातीय विद्यार्थियों के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोलने तथा भगवान बिरसा मुंडा का भव्य स्मारक बनवाने का प्रयास है।

प्रतिमाओं पर माल्यार्पण 15 को

भाजपा द्वारा जनजातीय गौरव सप्ताह के तहत 15 नवंबर को जनजातीय नायकों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। 16 से 18 नवंबर तक विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में युवा संवाद, विचार गोष्ठियां और जनजातीय छात्रावासों में संपर्क अभियान चलाए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, वनवासी कल्याण परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रकाश अग्रवाल, सांसद प्रवक्ता विनोद डूराणी भी मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्प्लेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

हमारे घर के साथ ही मोहल्ला और शहर स्वच्छता के मानकों पर खरा उतरेगा तभी राष्ट्रीय स्पर्धा में अपने शहर को स्थान दिला पायेंगे।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक लोकजीवन

प्रदेश में जयपुर सबसे स्वच्छ ...

स्वच्छता सर्वेक्षण में स्थान बना पाना बहुत ही अहम है फिर देशभर के 4751 से अधिक शहरों में होने वाली इस स्पर्धा का मतलब ही सर्वेक्षण में केवल निकाय अथवा सरकारी मशीनरी के भरोसे रहे की बजाय आम नागरिकों की भागीदारी की जरूरत होती है जो शहर चयनित प्रमुख शहरों में स्थान पाते है। असल में वहां की जनता स्वच्छता को संस्कार बना चुकी है घर में सफाई, घर के बाहर गंदगी की प्रवृति को त्याग कर बाहर भी घर जैसी ही सफाई रखने के साथ सर्वेक्षण के बिन्दुओं पर अपनी भागीदारी निभानी होती है। केवल निकायों के प्रयास नाकाफी होते है। जब तक हर नागरिक स्वच्छता को अपनी आदत न बना ले उसका शहर इस प्रतियोगितआ में बाजी नहीं मार सकता। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के साथ प्रान्तीय स्तर की स्पर्धा भी होती है। जिसमें स्थान पाने वाले शहर अपने प्रदेश की सूचि में कौनसा स्थान प्राप्त करते है । इससे अंदाजा लग जाता है कि हम स्पर्धा में कहां खड़े है। स्वच्छता के राष्ट्रीय मुकाबले में राजस्थान को इस बार बड़ी झटका लगा है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का कोई भी शहर स्थान नहीं बना पाया है। जबकि पिछली बार प्रथम 20 में स्थान पाने में सफलता मिली थी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में जयपुर को प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित कर स्टैट फर्स्ट का पुरस्कार दिया गया। जयपुर पिछली बार 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष 20 शहरों में शामिल था।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में जयपुर को यह पुरस्कार प्रदान किया। राजस्थान के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा जयपुर के महापौर सुनील कोठारी और नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने पुरस्कार प्राप्त किया। कचरा संग्रहण, अपशिष्ठ प्रबंधन और जल प्रबंधन सहित स्वच्छता के विभिन्न मानकों पर प्रदर्शन के आधार पर जयपुर को प्रदेश में पहला स्थान मिला। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सम्मान को जयपुर की जनता स्वच्छता कर्मियों, नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रतिफल है। राष्ट्रीय स्तर पर सुपर स्वच्छ लीग में नवीं मुम्बई ने पहला, सूरत ने दूसरा तथा विजयवाड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में ग्रेटर विशाखापटनम पहले जबलपुर दूसरे तथा लखनऊ तीसरे स्थान पर रहे। नदी किनारे बसे शहरों में रीवा प्रथम, बिलासपुर दूसरे व वाराणसी तीसरे स्थान पर रहे। आवश्यकता इस बात की है कि स्पर्धा में सम्मान पाने के लिए विभागीय प्रयासों के साथ जनभागीदारी व जागरूकता हो, तभी स्वच्छता सर्वेक्षण में अपने शहर को ऊंचाई तक पहुंचा सकेंगे।

कड़वी घूंट -सूरज

अर्श से फर्श पर इंदौर ...

शिखर पर पहुंचना हर किसी का सपना होता है लेकिन शिखर पर पहुंचने के बाद शिखर पर बने रहना बहुत कठिन और चुनौती पूर्ण होता है यह जानते हुए भी कि शिखर पर चढ़ने वाला, वापस नीचे आयेगा। लेकिन कब तक शिखर पर रह सकता है यह उसकी क्षमता पर निर्भर करता हे क्योंकि स्वर्धा में हर कोई आगे पहुंचने के लिए टांग खींचने में लग जाता है ताकि उनके लिए रास्ता साफ हो।

विपरित इसके शिखर पर बने रहने के लिए पहले से अधिक प्रयास करना पड़ता है तभी दूसरो से आगे बना रहा जा सकता है जो मापदण्ड हमने बना लिए वे तो दूसरो के लिए भी अर्जित करना लक्ष्य होता है। इससे उससे आगे पहुंचने पर ही टिके रह पायेंगे। अन्यथा नीचे तो आना ही है। हां कोई शीर्ष स्थान पर नहीं बने रह सकता तभी तो स्वच्छ सर्वेक्षण में लगातार 8 बार अव्वल रहने वाले शहर इंदौरान को पिछड़ना उतना चिंताजनक नहीं लगा जितना तीन में भी स्थान नहीं बना पाना लगा। अथ्रत लगातार 8 वर्षो तक शिखर पर बने रहने वाला इंदौर इस बार शीर्ष स्थानों की सूची में भी स्थान नहीं बना पाया। अब यह आप जानो कि इंदौरान भले ही अपना स्तर बनाये रखने में सफल रहा हो परन्तु प्रतिस्पर्धा में अन्य शहर उससे भी अधिक मेहनत करके उससे आगे निकलने में सफल रहे है।

आम सूचना

श्री महावीर पुरी पुत्र श्री रामपाल पुरी जाति पुरी उम्र वयस्क निवासी पीपलून्द तहसील जहाजपुर बनाम सरकार न्यायालय तहसीलदार जहाजपुर प्रकरण संख्या 174/26 दिनांक 06.07.2026 के सम्बन्ध में आपति सूचना पीपलून्द निवासी पीपलून्द स्वर्गीय रामस्वरूप पिता कालू पुरी ने अंतिम समय में महावीर पुरी निवासी पीपलून्द को अपनी समस्त चल अचल सम्पति 23.10.2025 को वसीयत की गई थी इसमें किसी को आपति हो तो 30 दिवस के भीतर तहसील कार्यालय में उपस्थिति होकर आपति दर्ज करा सकते है।

सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ से बदल रही है जनसांख्यिकी - भजनलाल शर्मा

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर



राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ और बदलती आबादी का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जैसलमेर के तनोट माता मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि घुसपैठ के कारण प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों की डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी) में बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश को घुसपैठ मुक्त बनाने के लिए मजबूत व्यवस्था विकसित की जा रही है। केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में घुसपैठ की जड़ तक पहुंचकर इसके स्थायी समाधान की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है, जब राजस्थान के पाकिस्तान से सटे सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा और जनसांख्यिकी को लेकर लगातार चर्चा होती रही है। शर्मा ने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा केवल जवानों की सतर्कता से नहीं, बल्कि मजबूत बुनियादी ढांचे, आधुनिक तकनीक और बेहतर समन्वय से भी सुनिश्चित की जा सकती है। इसी दिशा में केंद्र सरकार ने सीमा क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए बजट आवंटन में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

तनोट माता मंदिर में महिला बीएसएफ जवानों के साथ मनाई भाई दूज

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को जैसलमेर के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित तनोट माता मंदिर परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने महिला बीएसएफ जवानों के साथ विशेष रूप से भाई दूज का पर्व मनाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला जवानों को रक्षा सूत्र बांधा, उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दीं और उनसे बातचीत कर उनके अनुभव भी जाने। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाई दूज केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि स्नेह, विश्वास और एक-दूसरे की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। सीमा पर तैनात जवानों के परिवारों की भावनाओं का जि करते हुए उन्होंने कहा कि कई बहनें ऐसी हैं, जिनके भाई घर से दूर रहकर देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। वहीं, महिला बीएसएफ जवान भी अपने परिवारों से दूर रहकर इसी जिम्मेदारी को निभा रही हैं।

'हर मौसम में देश की सुरक्षा में डटे रहते हैं जवान'

शर्मा ने बीएसएफ को देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का प्रहरी बताया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवान भीषण गर्मी, सर्दी और कठिन परिस्थितियों में भी चौबीसों घंटे मुस्तैद रहते हैं। महिला जवानों की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि वे साहस, अनुशासन, समर्पण और पेशेवर दक्षता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट बॉर्डर की परिकल्पना के तहत सीमाओं की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए आधुनिक तकनीक, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भी BSF जवानों की सुरक्षा, सम्मान, सुविधाओं और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सीमावर्ती क्षेत्रों में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए भी सरकार की ओर से बजट उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि सीमा पर तैनात जवानों के साथ स्थानीय लोगों को भी राहत मिल सके।

सीमावर्ती गांवों को बनाएंगे देश के पहले गांव

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेजेज योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य देश के अंतिम छोर पर बसे गांवों को विकास की मुख्यधारा में लाकर उन्हें देश के पहले गांव के रूप में स्थापित करना है। इन गांवों से पलायन रोकना, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करना और पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-2 के तहत राजस्थान के चार सीमावर्ती जिलों के 184 गांवों को विकास के लिए चुना गया है। इनमें बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर और श्रीगंगानगर जिले शामिल हैं। इन गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर काम किया जाएगा।

2029 तक नशामुक्त भारत का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने देश को वर्ष 2029 तक नशामुक्त बनाने के संकल्प को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने नशे के खिलाफ अभियान को मजबूत करने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया है। इसके साथ ही प्रदेश के 350 से अधिक कॉलेजों में नई किरण नशामुक्ति केंद्र शुरू किए गए हैं।कार्य म में विधायक छोटू सिंह भाटी, बीएसएफ राजस्थान फंटियर के आईजी विकास पाठक, डीआईजी (नॉर्थ सेक्टर) जतिंदर सिंह बिंजी सहित जनप्रतिनिधि, बीएसएफ के अधिकारी और महिला जवान मौजूद रहे।

रानीखेडा में अन्नकूट महोत्सव संपन्न



चित्तौड़गढ़। अन्नकूट के पावन अवसर पर राधा-कृष्ण मंदिर, जिसे मंडी वाले भगवान के नाम से भी जाना जाता है, में लगातार 51वें वर्ष अन्नकूट महोत्सव एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुख्य आयोजनकर्ता सूर्यप्रकाश खटोड़ ने बताया कि उनके परिवार द्वारा पैतृक मंदिर में प्रतिवर्ष यह आयोजन वृहद स्तर पर किया जाता है। वर्ष दर वर्ष इस आयोजन का विस्तार हो रहा है तथा ग्रामवासियों की सहभागिता भी निरंतर बढ़ रही है। इस वर्ष अन्नकूट के भोग में लगभग 10 क्विंटल सब्जी, 2 क्विंटल आटे से तैयार व्यंजन, मिष्ठान एवं विभिन्न प्रकार के पकवान भगवान को अर्पित किए गए। इसके पश्चात समस्त ग्रामवासियों ने सुव्यवस्थित एवं पंक्तिबद्ध तरीके से प्रसाद ग्रहण किया। जिसमे तुलसीराम जी एवं अशोक लड्ढा की अगुवाई मे प्रसाद तैयार किया गया. पारस आँजणा, जीवन आँजणा, पार्षद गणपत आँजणा, यशवंत मेनारिया, विजय तेली, भरत आँजणा, नरेंद्र धूत एवं कई समाज सेवी एवं धर्म प्रेमियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश, मदन लाल, दिलीप कुमार, राजेश, दीपक,सन्नी,निर्मला वीणा, बीना,रेखा, सुनीता, जया,खुशी ज्योति, सीमा, पूजा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई।

बाड़ी माताजी तीर्थ धाम के प्रवेश द्वार का शुभारंभ हुआ



बिजयनगर। प्रसिद्ध शक्तिपीठ स्थल बाड़ी माताजी तीर्थ धाम पर प्रवेश द्वार के सिंघवी परिवार के द्वारा भूमि पूजन कर किया गया।कार्तिक मास के धार्मिक मास के अवसर पर बिजयनगर हाल मुंबई निवासी योगेन्द्र राज सिंघवी, शशि सिंघवी व उनके पुत्र मानव राज सिंघवी ने पारंपरिक रिति रिवाजों से भूमि पूजन कर किया। बाड़ी माताजी तीर्थ धाम की मुख्य सेविका कृष्णा टाक ने बताया कि ब्यावर रोड़ स्थित केसरपुरा से बाड़ी माताजी तीर्थ धाम मार्ग पर बिजयनगर के लाभार्थी समाज सेवी छाजेड़ परिवार के विमल व विजय तातेड़ के सहयोग से प्रवेश द्वार बन चुका है। जिसका विधिवत उद्घाटन आगामी 24 नवंबर को होगा। भूमि पूजन के दौरान बाड़ी माताजी भक्त मंडली के सदस्य भी उपस्थित थे।

जेएसजी का दीपावली स्नेह मिलन और प्रतियोगिता आयोजित



बिजयनगर। जैन सोशल ग्रुप का दीपावली स्नेह मिलन समारोह मेवाड़ा पैलेस में एंकर हर्ष वालिया के संचालन में अंताक्षरी, फिल्मी डायलॉग, एक्टिंग, बैलून गेम्स, मनोरंजन प्रतियोगिता का आयोजन कर धूमधाम से मनाया गया। समारोह में जैन सोशल ग्रुप सदस्यों ने एक-दूसरे को गले मिलकर परिवार जनों सहित दीपावली की बधाई दी। डीजे के धुन पर थिरकते हुए आनंद उठाया। इस दौरान जैन सोशल ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष तेजमल बुरड़, संभागीय कोषाध्यक्ष पुखराज डांगी, अध्यक्ष विकास चौरड़िया, उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र लोढ़ा, सचिव अजित लोढ़ा, संयुक्त सचिव गौतम भंसाली, कोषाध्यक्ष संजय बज, राजेश बाफना, अरविंद रांका, प्रकाश चन्द्र पीपाड़ा, राजकुमार कोठारी, संदीप सांखला पदाधिकारी सहित अन्य सदस्य परिवार जनों सहित भी उपस्थित थे।

श्री श्यामा काली प्रतिमा की निकाली शोभायात्रा, किया विसर्जन



लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

हिंदू बंगाली नवयुवक मंडल के तत्वावधान में वैष्णव भवन में आयोजित चार दिवसीय श्री श्यामा काली पूजा महोत्सव सम्पन्न के बाद प्रतिमा विसर्जन की भव्य शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। वैष्णव भवन से बंगाली प्रदेश के धार्मिक रिति रिवाजों से युक्त शोभायात्रा में भव्य झांकी, ढोल , बंगाली गीतों के मध्य गुलाल संग नाचते गाते हुए प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम से निकाली। मसूदा मार्ग पर स्थित खारिया तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। पीपली चौराहा पर लायंस क्लब के अध्यक्ष राजेश गट्टानी के नेतृत्व में लायंस पदाधिकारी ने शोभायात्रा में शामिल अध्यक्ष डॉ ए के विश्वास का साफा पहनाकर व अन्य पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया। श्यामा काली पूजा महोत्सव का चार दिवसीय आयोजन कार्यक्रम वैष्णव भवन में हर्षोल्लास से किया गया। हिंदू बंगाली नवयुवक मंडल के अध्यक्ष डॉ ए के विश्वास ने बताया कि चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में समाज बंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस दौरान हिंदू बंगाली नवयुवक मंडल के सचिव सुनील विश्वास, कोषाध्यक्ष निमाई सरकार, मंत्री बबलू पोरेल, उपाध्यक्ष रवि हलदर सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्य व महिला पुरूष समाज बंधु भी उपस्थित थे।

फोटो युक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित



लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01. जनवरी.27 के सन्दर्भ में फोटो युक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया है। उक्त कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करने के संबंध में मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन दिनांक 12. नवंबर26 को प्रातः 11:00 बजे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय शाहपुरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में किया गया।

यह रहेगा कार्यक्रम

■ दावे एवं आपत्तियॉ प्राप्त करने की अवधि	12. नवंबर से 11. दिसंबर.26 तक
■ दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण	28. दिसंबर .26 तक
■ मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन	04. जनवरी 27 सोमवार तक रहेगा

बैठक की अध्यक्षता बनवारी लाल सिनसिनवार ने की। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से राजेन्द्र बोहरा, जिला मंत्री और इण्डियन नेशनल कांग्रेस से रमेश सेन, अध्यक्ष नगर पालिका शाहपुरा उपस्थित हुए। बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी शाहपुरा ने बताया कि उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01. जनवरी27 के संदर्भ में जारी विषेश संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/3994

आम सूचना

एतदद्वारा श्री विशाल तोतला पुत्र श्री राधेश्याम तोतला, श्री कैलाश आगाल पुत्र स्व. श्री नन्द लाल आगाल राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी 1990 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 22 की साईज 40x65 = 288.89 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड का उप विभाजन कर श्री अनिल कुमार मेलवानी पुत्र वासुदेव मेलवानी, श्रीमती किरण मेलवानी पत्नी श्री अनिल कुमार मेलवानी को भूखण्ड संख्या 22/1990/ए साईज 20x65=144.44 का विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा न्यास में नामान्तरण कर श्री हरमीत सिंह पुत्र सत्यपाल पंजाबी, श्रीमती पूनमकौर पत्नी हरमीत सिंह को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्री हरीशचन्द्र चान्दवानी पुत्र श्री टेऊमल चान्दवानी को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा न्यास मे नामान्तरण कर श्रीमती मुस्कान गुरनानी पत्नी श्री अजय कुमार गुरनानी को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्री घनश्याम दास, श्री नारायण दास, श्री नथरमल, श्री हरि नन्द पुत्र स्व. श्री किशनचन्द्र सिंधी को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा न्यास मे नामान्तरण कराया। अतः उक्त भूखण्डधारियों में से श्री घनश्याम दास पुत्र स्व. श्री किशनचन्द्र सिंधी की मृत्यु हो जाने से उनके वारिस श्री उद्धव दास भगत पुत्र स्व. श्री किशनचन्द्र द्वारा उक्त भूखण्ड में से अपना सम्पूर्ण हिस्सा श्री नारायण दास, श्री नथरमल, श्री हरि नन्द पुत्र स्व. श्री किशनचन्द्र सिंधी के पक्ष में जरिये पंजीबद्ध रिलीज डीड से हक परित्याग कर दिया।

श्री नारायण दास, श्री नथरमल, श्री हरि नन्द पुत्र स्व. श्री किशनचन्द्र सिंधी द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतु न्यास में ऑन लाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नही की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नही होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

नौ दिवसीय श्रीराम कथा 20 से, गणेश जी को दिया न्योता



बिजयनगर। नाड़ी मोहल्ला स्थित संकट मोचन बालाजी मंदिर व सर्व समाज के तत्वावधान में इंद्रा मंच पर आयोजित होने वाली 9 दिवसीय श्रीराम कथा के धार्मिक कार्यक्रम हेतु गणेश जी को न्योता देकर पोस्टर विमोचन किया। 20 से 28 नवंबर तक आयोजित होने वाली श्री राम कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक मुरलीधर जी महाराज के मुखारविंद से संगीतमय वाचन किया जाएगा। कथा का शुभारंभ 20 नवंबर को शोभायात्रा लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू होकर कथा स्थल इंद्रा मंच पर किया जाएगा।गणेश जी को न्योता देने के दौरान बालाजी मंदिर पुजारी घीसालाल शर्मा, लक्ष्मण दास जी महाराज के सानिध्य में विप्र समाज भवन स्थित गणेश मंदिर में भगवान गणेश जी को प्रथम निमंत्रण दिया। इस दौरान धर्मावलंबी मुकेश तायल, धीरज सिंह चौहान, विजय सिंह रासलोत, अमित बुरड़ , मनोज टेलर, गोविंद सोनी, जुगल किशोर तायल उपस्थित थे।

भगवान को प्रसन्न किया जा सकता है संसार को नहीं - संत दिग्विजय राम



चित्तौड़गढ़। हमारी प्राचीन परंपराओं में अभिवादन में राम का नाम लिया जाता था लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव ने हमारी संस्कृति को नष्ट किया है ।

संत दिग्विजय राम जी ने मरमी ग्राम मे विजय वर्गीय परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा के द्वितीय दिवस पर व्यास पीठ से रसाअमृत पान करवा रहे थे द्य संत ने कहा कि जो आप जीवन में बनना चाहते हैं उसका चिंतन लेकर चलो लेकिन चिंतन पक्का होना चाहिए कथाओं से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन होना चाहिए तभी कथा सुनना सार्थक होता है। व्यक्ति को शब्दों का प्रयोग हमेशा सोच समझ कर करना चाहिए संत ने कहा की कथाएं जीवन जीने की कला सिखाती है भगवान का नाम ही व्यक्ति को जीवन में सत्य मार्ग की ओर ले जाता है । भक्त राज नरसी की भक्ति का प्रभाव यह है कि दुनिया आज भी नरसी का नाम लेती है संत ने कहा कि आज के युग में व्यक्ति अपने घर के बाहर धर्म चिन्ह है लगाने में भी शर्म महसूस करते हैं द्य व्यक्ति बंगला तो बहुत बड़ा बनाता है लेकिन जिसकी (ईश्वर) कृपा से हमको जो कुछ भी मिला है उसके लिए स्थान नहीं होता है ।

जो व्यक्ति जैसा अन्न ग्रहण करता है वैसा ही उसका मन होता है अन्न का प्रभाव व्यक्ति की वृत्ति पर अवश्य पड़ता है एक भक्त के घर की पहचान होती है कि उसके घर में धर्म चिन्हों का होना, घर से निकलते समय हमेशा ईश्वर को प्रणाम करके निकालना चाहिए ताकि बड़ी से बड़ी विपता भी टल जाती हैं , तर्क और आस्था दोनों आपस में विरोधी होते हैं ,भगवान का नाम हमेशा विश्वास से लेना चाहिए जो व्यक्ति जैसा सोचता है उसको वैसा ही यह संसार दिखता है जो अच्छा सोचेगा उसके लिए सभी अच्छे हैं और जो बुरा सोचेगा उसके लिए सभी बुरे हैं द्य इस संसार में भगवान को प्रसन्न किया जा सकता है लेकिन व्यक्ति को नहीं। कथा के दौरान भीलवाड़ा महापोर श्रीमति यशवंत कँवर ने व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/5129

आम सूचना

एतदद्वारा श्री राकेश ओझा पुत्र श्री रामनारायण ओझा राजस्व ग्राम भदालीखेड़ा की आराजी 908/725 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 13 की साईज 18x40=80.00 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया। उक्त भूखण्ड श्री राजेश पारीक पुत्र श्री राधेश्याम पारीक, श्रीमती शारदा पारीक पत्नी राजेश पारीक को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्री महावीर कुमार नायक पुत्र श्री रूप लाल नायक को विक्रय किया गया।

श्री महावीर कुमार नायक पुत्र श्री रूप लाल नायक द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतु न्यास में ऑन लाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज /आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

राजस्थान सरकार

कार्यालय उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग, भीलवाड़ा

पताः- महाराणा टाकीज के पास, भीलवाड़ा राजए (311001) टेलीफोन 01482-236355 ई-मेल dao.bhl.ayu@rajasthan.gov.in

क्रमांकः-AHWC/ ट्रेनिंग निविदा/2026-27/2036 दिनांकः-05.11.2026

खुली बोली आमन्त्रण निविदा संख्या 05/2026-27
(दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के व्यवस्थार्थ खुली निविदा)

इस कार्यालय के नियन्त्रणाधीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर कार्यरत कार्मिको का दो दिवसीय आवासीय में ट्रेनिंग चाय नाश्ता, भोजन व्यवस्थार्थ कार्य करवाये जाने हेतु दोहरी लिफाफा पद्धति में उक्त कार्य का अनुभव रखने वाली फर्मो / एजेन्सी/व्यक्ति से निम्नानुसार दिनांक 12.11.2026 तक मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

NIB CODE-AYU2627A0312

क्र.सं.	कार्य विवरण	अनुमानित लागत	UBN CODE
1	आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत आशा/ए.एन.एम. और आयुर्वेद कम्पाउण्डर/नर्स का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम करवाने बाबत	06.00 लाख	AYU2627 SSOB00318

बिड शर्तें, दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।

उपनिदेशक
आयुर्वेद विभाग, भीलवाड़ा

DIPR/C/18341/2026

तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का शुभारंभ, जिला कलेक्टर ने दिलाई नशामुक्त समाज की शपथ

भीलवाड़ा। जिले में स्वास्थ्य और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शु वार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने इस अभियान का औपचारिक आगाज करते हुए सभागार में उपस्थित तमाम अधिकारियों और विभागीय कार्मिकों को तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि इस अभियान के उद्देश्यों को केवल कागजों तक सीमित न रखकर जन-जन तक पहुंचाया जाना चाहिए, ताकि समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों से सुरक्षित किया जा सके। समीक्षा बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने अभियान की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए जारी दिशा-निर्देशों की कड़ी पालना सुनिश्चित करने और ग्रामीण स्तर पर तंबाकू मुक्त ग्राम की अवधारणा को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियमों के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर डिजिटल जागरूकता फैलाने तथा कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों के युवाओं की स य सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्य म (एनटीसीपी) और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इस अभियान का मुख्य लक्ष्य युवा पीढ़ी को तंबाकू के सेवन से दूर रखना और एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी को सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जो व्यक्ति तंबाकू की लत छोड़ने के इच्छुक हैं, वे सहायता के लिए राष्ट्रीय टोल फ्री क्विट लाइन नंबर 1800-11-2356 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर एडीएम प्रतिभा देवटिया, न्यास सचिव गौरव रविंद्र सालुंखे, आयुक्त कमल सिंह यादव, और एसीईओ मधुसूदन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण प्रमुख रूप से शामिल रहे।

आम सूचना

दिनांक : 12-11-2026

हर खास आम को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता प%ि श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा, निवासी जैनियों की गली, अरमगढ, तहसील जहाजपुर, जिला भीलवाडा द्वारा आवासगृह संख्या 10-एफ-32, तिलक नगर योजना, भीलवाडा को श्री रामस्वरूप पुत्र श्री कल्याणमल सोमानी, निवासी मंगरोप, तहसील हमीरगढ, जिला भीलवाडा से कय करने हेतु ऋण आवेदन मेरे मुव्वकिल बैंक राजस्थान ग्रामीण बैंक, मुख्य शाखा भीलवाडा को प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती सुनीता शर्मा द्वारा उक्त आवासगृह के स्वामित्व दस्तावेजों की चैन में असल आवंटनपत्र क्रमांक 21888 दिनांक 02-04-1998 जो कि शिवराज पुत्र जगदीशचन्द्र शर्मा के नाम से नगर विकास न्यास, भीलवाडा द्वारा जारी किया गया, को श्री रामस्वरूप सोमानी द्वारा गुम हो जाना जाहिर किया जाकर इस बाबत श्री रामस्वरूप सोमानी द्वारा एक ऑनलाईन दस्तावेज गुमशुदगी रिपोर्ट सं0 3312003/2026 दिनांक 10-12-2026 दर्ज करवाया जाना बताया गया है। लिहाजा इस आम सूचना के जरिये हर खास व आम, वित्तीय संस्था, बैंक आदि को सूचित किया जाता है कि उक्त वर्णित आवासगृह को श्री रामस्वरूप सोमानी अथवा पूर्व गृहस्वामियों द्वारा उक्त आवंटन पत्र के आधार पर किसी प्रकार अन्तरित अथवा भारित किया गया हो तो इसकी 03 दिवस में लिखित सूचना मुझ अधिवक्ता को प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे मुव्वकिल बैंक द्वारा श्रीमती सुनीता शर्मा के ऋण आवेदन पर विचार कर उचित पाये जाने पर ऋण स्वीकृत कर दिया जावेगा और कोई उजर एतराज मान्य नहीं होगा।

राकेश वैष्णव, एडवोकेट

एसआईआर में कटे 31 लाख वोट, अब 11.47 लाख नए मतदाता जुड़े; 5.26 करोड़ के पार पहुंची संख्या

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर

राजस्थान में मतदाताओं की संख्या में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई है। फरवरी 2026 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद अब तक 11 लाख 47 हजार से अधिक नए मतदाता जुड़े हैं। गुरुवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) 2027 के तहत जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 5 करोड़ 26 लाख 67 हजार 416 हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के अनुसार, मतदाता सूची का पुनरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग के तय कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है। इसके लिए एक जनवरी 2027 को पात्रता की निर्धारित तारीख माना गया है। ड्राफ्ट सूची में 2 करोड़ 75 लाख पुरुष, 2 करोड़ 51 लाख महिलाएं और 584 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

एसआईआर से पहले राजस्थान में कुल 5 करोड़ 46 लाख 56 हजार 215 मतदाता थे। गहन पुनरीक्षण के बाद फरवरी 2026 में जारी अंतिम सूची में यह संख्या घटकर 5 करोड़ 15 लाख 19 हजार 929 रह गई थी। अब एसएसआर 2027 के ड्राफ्ट में 11 लाख 47 हजार 487 मतदाताओं की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस तरह प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या फिर 5.26 करोड़ के पार पहुंच गई है।



11 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावा-आपत्ति

ड्राफ्ट मतदाता सूची 12 नवंबर को प्रकाशित की गई है। इसमें नाम जुड़वाने, हटवाने या किसी तरह का संशोधन कराने के लिए 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) 28 दिसंबर तक इनका निस्तारण करेंगे। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पात्र मतदाताओं से ड्राफ्ट सूची में अपना नाम जांचने की अपील की है। जिनका नाम सूची में नहीं है, वे नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। एक जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के पात्र होंगे। इसके अलावा एक अक्टूबर 2027 तक 18 वर्ष के होने वाले युवा भी अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।

वेबसाइट और बीएलओ से देख सकेंगे नाम

मतदाता निर्वाचन विभाग की वेबसाइट https://election.rajasthan.gov.in पर जाकर अपना नाम देख सकते हैं। इसके अलावा संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास भी मतदान केंद्रवार ड्राफ्ट सूची की हार्ड कॉपी उपलब्ध रहेगी।

ड्राफ्ट सूची जारी होने के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी इसकी प्रतियां उपलब्ध कराई हैं। प्रत्येक दल को बिना फोटो वाली सॉफ्ट कॉपी और हार्ड कॉपी दी गई है। दावे और आपत्तियों के दौरान मिले आवेदनों की सूची हर सप्ताह ईआरओ कार्यालयों के बाहर प्रदर्शित की जाएगी। इन्हें विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ राजनीतिक दलों के साथ भी साझा किया जाएगा।

नाम जुड़वाने और सुधार के लिए ये फॉर्म भरें

मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने या किसी नाम पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 और नाम या अन्य विवरण में सुधार के लिए फॉर्म-8 भरना होगा। ये आवेदन ECINet ऐप, वोटर्स सर्विस पोर्टल https://voters.eci.gov.in या संबंधित बीएलओ के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं। यदि कोई मतदाता ईआरओ के फैसले से संतुष्ट नहीं है तो वह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 के तहत 15 दिन के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अपील कर सकता है। जिला मजिस्ट्रेट के फैसले के खिलाफ भी आदेश मिलने के 15 दिन के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के यहां दूसरी अपील की जा सकती है।

एसआईआर और एसएसआर में मतदाताओं की संख्या

- एसआईआर से पहले: 5,46,56,215
- फरवरी 2026 में एसआईआर के बाद: 5,15,19,929
- एसएसआर 2027 की ड्राफ्ट सूची: 5,26,67,416
- एसआईआर के बाद अब तक बढ़े मतदाता: 11,47,487

वसुंधरा राजे ने पकड़े थे सोनिया के पैर'-बेनीवाल

कांग्रेस के साथ पूर्व सीएम पर जड़े गंभीर आरोप



लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, चूरू

राजस्थान में पंचायती राज चुनाव के बीच नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल के बयानों से सियासी हलचल मची हुई है। उन्होंने कांग्रेस पर फिर से बड़ा हमला करते हुए निशाना साधा है। बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस बिना दूल्हे की बारात है, जहां हर कोई मुख्यमंत्री बनना चाहता है। अपने इस बयान के माध्यम से उन्होंने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सचिन पायलट और टीकाराम जूली पर भी जमकर हमला बोला।

सांसद बेनीवाल ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर सियासी हमला बोला। बेनीवाल इससे पहले भी कई बार उन पर बयानबाजी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे ने सोनिया गांधी के पैर पकड़ लिए, इसलिए दारिया एनकाउंटर मामले में बच गई, वरना वे भी जेल जातीं। बेनीवाल ने आगे कहा कि मैं ही राजस्थान की सड़कों पर लोगों के लिए लड़ा हूं और अगर विधानसभा में वसुंधरा राजे को किसी का खौफ था, तो वह मैं ही था।

कांग्रेस को बताया बिना दूल्हे की बारात

पंचायती राज चुनाव को लेकर नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए लगातार कैंपेन कर रहे हैं। चूरू में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना दूल्हे की बारात है और वहां हर कोई मुख्यमंत्री बनना चाहता है। गोविंद सिंह डोटासरा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वह गमछा हिलाने वाला कह रहा है कि मैं तो पक का मुख्यमंत्री बनूंगा और लक्ष्मणगढ़ में शपथ लूंगा। इस दौरान बेनीवाल ने सचिन पायलट और टीकाराम जूली पर भी तंज कसते हुए उन्हें कांग्रेस में सीएम पद के लिए एक-दूसरे का प्रतिद्वंद्वी बताया।

डोटासरा ने भी बेनीवाल पर साधा था निशाना

इससे पहले राजस्थान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने 11 नवंबर 2026 को सीकर के लक्ष्मणगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल पर तीखा तंज कसा था। इसमें डोटासरा ने आरएलपी के चुनाव चिह्न बोतल की तुलना शराब की बोतल से की थी। उन्होंने कहा था कि बोतल से तो राज-रजवाड़ों का राज चला गया और दारू की बोतल एक बार जिसने चख ली, वह दोबारा हाथ में कोनी ले। डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा था कि नागौर में बात नहीं बनी, तो अब वे सीकर में बोतलें बांटने लगे हैं।

पेट्रोल पंप पर खूनी संघर्ष के तीन दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर नामजद आरोपी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शकरगढ़ थाना क्षेत्र के खजूरी में कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। अरिहंत पेट्रोल पंप पर हुई खूनी मारपीट की घटना को तीन दिन का समय बीत चुका है, लेकिन नामजद आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से कोसों दूर हैं। हैरानी की बात यह है कि यह पूरी वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में साफ कैद होने के बावजूद अपराधियों पर शिकंजा नहीं कसा जा सका है। यह सनसनीखेज घटना मंगलवार रात करीब 11.30 बजे की है। खजूरी स्थित अरिहंत पेट्रोल पंप पर हुई इस ताबड़तोड़ मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर होने पर दो लोगों को तुरंत भीलवाड़ा रेफर किया गया, जबकि एक अन्य घायल का उपचार देवली में कराया गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के बाद पुलिस के मौके पर पहुंचने में भी भारी देरी हुई, और पुलिस वारदात के साढ़े पांच घंटे बाद सुबह करीब 5 बजे घटनास्थल पर पहुंची। घटना के इतने घंटे बीत जाने और सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट साक्ष्य होने के बावजूद गिरफ्तारी न होना पुलिस की कार्यशैली और अपराधियों के खिलाफ सख्ती के दावों की पोल खोल रहा है। खजूरी क्षेत्र में यह पहला मौका नहीं है जब आपराधिक वारदातों के बाद पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठे हों। पूर्व में भी कई मामलों में प्रभावी कार्रवाई न होने और आरोपियों के छूटकर आने पर जश्न मनाने की चर्चाएं सामने आती रही हैं, जिससे स्थानीय जनता में असुरक्षा का माहौल है। पुलिस का ध्येय वाक्य अपराधियों में डर, आमजन में विश्वास है, लेकिन खजूरी में यह सिर्फ दीवारों पर लिखे नारे बनकर रह गया है। ज़मीन पर पीड़ित पक्ष अब भी न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है। जनता को सिर्फ कोरे आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहिए। यदि समय रहते पुलिस प्रशासन ने इस मामले में कठोर कदम नहीं उठाए, तो क्षेत्र से कानून का इकबाल पूरी तरह डगमगा जाएगा।

सम इंश्योर्ड और सम एश्योर्ड में क्या अंतर है?

बीमा कंपनी से कब ले सकते हैं किसका फायदा

नई दिल्ली। देश की बीमा कंपनियां कई प्रकार की इंश्योरेंस सुविधाएं देती हैं। इनमें हेल्थ इंश्योरेंस, कार इंश्योरेंस, होम इंश्योरेंस, मेडिकल इंश्योरेंस, टर्म इंश्योरेंस समेत अन्य बीमा पॉलिसी शामिल होती हैं। लोग अपने फायदे और सुविधा के अनुसार, संबंधित कंपनी से इंश्योरेंस कराते हैं। इस बीच बीमा से संबंधित दो खास शब्द सामने आए हैं। इनका नाम सम इंश्योर्ड और सम एश्योर्ड है। एक बार देखने में तो दोनों एक जैसे ही लग रहे हैं, लेकिन इनमें काफी अंतर है। आइए जानते हैं कि सम इंश्योर्ड और सम एश्योर्ड क्या हैं और इनमें क्या बड़े अंतर हैं। इसके साथ ही हम यह भी जानेंगे कि बीमा कंपनी से इनके फायदे कब लिए जा सकते हैं। मतलब कि किस इंश्योरेंस के लिए इन दोनों का कहां-कहां इस्तेमाल होता है।

सम इंश्योर्ड क्या होता है?

सबसे पहले हम सम इंश्योर्ड की बात करेंगे। यह एक ऐसी अधिकतम बीमा राशि होती है, जिसे इंश्योरेंस कंपनी आपकी किसी पॉलिसी अवधि के दौरान क्लेम करने पर आपके किसी जरूरी खर्च के लिए भुगतान करती है। यह आमतौर पर सामान्य इंश्योरेंस जैसे हेल्थ इंश्योरेंस, मोटर इंश्योरेंस, ट्रैवल इंश्योरेंस समेत अन्य बीमा के लिए होता है।

सम एश्योर्ड क्या होता है?

अब बात सम एश्योर्ड की। यह वह राशि होती है, जिसे इंश्योरेंस कंपनी पॉलिसी की शर्तों के मुताबिक, गारंटी के साथ क्लेम पर भुगतान करती है। सम एश्योर्ड लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा), एंडोमेंट प्लान में इस्तेमाल होने वाला शब्द है। मान लीजिए कि अगर किसी ने 40 लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस लिया है तो इसका अर्थ हुआ कि यह उसका 40 लाख रुपये का सम एश्योर्ड है। पॉलिसी अवधि के दौरान बीमाधारक की मृत्यु के बाद नॉमिनी को सम एश्योर्ड की पूरी राशि दे दी जाती है। वही, मैच्योरिटी पर भी सम एश्योर्ड की राशि दी जाती है।



सम इंश्योर्ड और सम एश्योर्ड में अंतर क्या है?

तुलना का आधार	सम इंश्योर्ड	सम एश्योर्ड
अर्थ	यह वह अधिकतम राशि है जो नुकसान होने पर बीमा कंपनी आपको चुकाने के लिए बाध्य है।	यह वह निश्चित राशि है जो पॉलिसी की शर्तें पूरी होने पर बीमा कंपनी देने का वादा करती है।
बीमा का प्रकार	यह सामान्य बीमा (हेल्थ, मोटर, होम, ट्रेवल इंश्योरेंस) में लागू होता है।	यह जीवन बीमा (टर्म प्लान, Endowment, ULIP) में लागू होता है।
मुख्य सिद्धांत	यह क्षतिपूर्ति (Indemnity) के सिद्धांत पर काम करता है (यानी केवल हुए नुकसान की भरपाई, मुनाफा नहीं)।	यह निश्चित लाभ (Guaranteed Benefit) के सिद्धांत पर काम करता है।
भुगतान की राशि	वास्तविक खर्च या नुकसान के बराबर राशि मिलती है (अधिकतम सम इंश्योर्ड की सीमा तक)।	पहले से तय की गई पूरी राशि (बोनस सहित, यदि लागू हो) एकमुश्त मिलती है।
उदाहरण	यदि आपका 5 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस है और अस्पताल का बिल 2 लाख आया है, तो कंपनी केवल 2 लाख ही देगी।	यदि आपका 50 लाख का टर्म लाइफ इंश्योरेंस है और पॉलिसी अवधि में मृत्यु हो जाती है, तो नॉमिनी को पूरे 50 लाख मिलेंगे।
पॉलिसी का समापन	क्लेम लेने के बाद भी पॉलिसी बची। हुई राशि के लिए जारी रह सकती है	पूरा भुगतान (मृत्यु या मैच्योरिटी पर) होने के बाद पॉलिसी समाप्त हो जाती है।

तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

भीलवाड़ा। जिले के जहाजपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पैदल घर लौट रहे 24 वर्षीय युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जिससे हंसते-खेल्ते परिवार की सारी खुशियां पलभर में उजड़ गई। जहाजपुर थाने के दीवान कासीराम से मिली जानकारी के अनुसार, कुराड़िया निवासी कपिल बलाई (24) पुत्र कैलाश बलाई माताजी के स्थान पर दर्शन करने गया था। दर्शन के बाद वह पैदल ही अपने घर लौट रहा था। रास्ते में एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कपिल बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद लहूलुहान हालत में कपिल को देवली अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों और ट्रेलर चालक की भूमिका की गहनता से जांच कर रही है। इस अचानक हुए हादसे ने मृतक के परिवार को जीवनभर न भरने वाला गहरा जख्म दे दिया है।

दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं 12 घंटे से ठप : ईमेल, मीटिंग एप और कोपायलट बंद

शिकागो। दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट की कई जरूरी ऑनलाइन सेवाएं करीब 12 घंटे से ठप है। इससे ईमेल भेजने, ऑनलाइन मीटिंग करने और क्लाउड पर फाइल सेव करने जैसे काम रुक गए।वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, अकेले माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक न चल पाने की 1.40 लाख से ज्यादा शिकायत दर्ज कराई गई है। इस खराबी का असर सिर्फ दफ्तरों तक नहीं रहा, बल्कि स्कूल, अस्पताल और सरकारी कामकाज भी ठप हो गए।



कई सर्विसेज हुई हैं प्रभावित

माइ ोसॉफ्ट की कई ऑनलाइन सेवाएं पूरी दुनिया में एक साथ बंद हो गईं। कंपनी के मुताबिक, रोजमर्रा के कामकाज से जुड़ी कई सेवाएं प्रभावित हुई है। इसमें शामिल हैं:

माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक (ईमेल के लिए)
माइक्रोसॉफ्ट टीम्स (ऑनलाइन मीटिंग और चैट के लिए)
शेयरपॉइंट ऑनलाइन (फाइल शेयर करने के लिए)
माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट 365 (एआई टूल)
माइक्रोसॉफ्ट प्लानर और एक्सचेंज ऑनलाइन
माइक्रोसॉफ्ट डिफेंडर (साइबर सुरक्षा से जुड़ी सेवा)

वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक यह आउटेड भारतीय समयानुसार गुरुवार रात 9:45 बजे शुरू हुआ। यह तकनीकी समस्या कम से कम 8 घंटे तक लगातार बनी रही।

खराबी शुरू होने के महज एक घंटे के भीतर ही इसका असर दुनिया के 74 देशों तक फैल गया और करोड़ों लोगों का डिजिटल कामकाज रुक गया। गुरुवार रात 11:30 बजे के आसपास दुनियाभर में आउटलुक से जुड़ी शिकायतें 1.40 लाख तक पहुंच गईं, जो सामान्य स्तर से 2,000 गुना ज्यादा है। इस खराबी से लोगों के कई जरूरी काम अटक गए। कई डॉक्टर मरीजों को ऑनलाइन सलाह नहीं दे पाए। कई स्कूलों में बच्चों की ऑनलाइन क्लास नहीं हो पाई। कई कंपनियों में सामान के ऑर्डर प्रोसेस नहीं हो पाए। भारतीय यूजर्स को मुख्य रूप से आउटलुक एप न खुलने, ईमेल भेजने-पाने और लॉगिन करने में दिक्कत आई, जबकि कुछ लोगों को टीम्स और कोपायलट चलाने में भी समस्या हुई।

माइक्रोसॉफ्ट के मुताबिक, यह आउटेज एक खराब या गलत तरीके से हुए सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण हुआ है। इसके पीछे कोई साइबर अटैक या हैकिंग जैसी घटना नहीं है। माइक्रोसॉफ्ट ने ये भी कहा कि यह समस्या काफी हद तक जुलाई 2024 में हुई क्राइड स्ट्राइक की घटना जैसी ही है, जहां एक फॉल्टी अपडेट की वजह से परेशानी आई थी।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि खराबी को ठीक करने के लिए जो बदलाव किए गए थे, वे उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर रहे हैं। कंपनी अब दूसरे तरीकों की टेस्टिंग कर रही है ताकि सिस्टम पर ज्यादा दबाव डाले बिना अधिक से अधिक यूजर्स को प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा सके। दुनियाभर में 43 करोड़ से ज्यादा लोग माइक्रोसॉफ्ट 365 एप्स का इस्तेमाल करते हैं। इसमें आउटलुक-टीम्स जैसी सब्सक्रिप्शन सर्विसेज शामिल हैं।ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म्स के आंकड़ों के अनुसार, 30 से 40 लाख कंपनियां अपने रोजमर्रा के कामकाज के लिए माइक्रोसॉफ्ट 365 पर निर्भर हैं। इसके अलावा, कंपनी का कहना है कि दुनिया की टॉप 90% से ज्यादा फॉर्च्यून 500 कंपनियां इसके एआई चैटबॉट कोपायलट का उपयोग करती हैं। इस खराबी से लोगों के दफ्तर का काम ही नहीं रुका, बल्कि अपॉइंटमेंट्स की जानकारी देना, वेरिफिकेशन (ओटीपी/ईमेल) वाली ऑनलाइन खरीदारी करना, नए अकाउंट बनाना और पुरानी सेवाओं को खोलना भी बंद हो गया है।

सा रे गा मा पा 2026 : चिल्ड्रन्स डे पर माता-पिता के साथ मंच साझा करेंगे कंटेस्टेंट्स, टॉप 10 की जंग हुई तेज

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई

ज़ी टीवी का लोकप्रिय रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा 2026' अपनी टैगलाइन 'हिंदुस्तान का संगीतस्तान' को सार्थक करते हुए भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत को अनूठे अंदाज में दर्शकों के सामने पेश कर रहा है। इसी क्रम में इस हफ्ते शो में दो बड़े आकर्षण देखने को मिलेंगे। पहला, चिल्ड्रन्स डे के अवसर पर एक विशेष म्यूजिकल एपिसोड, जिसमें सभी कंटेस्टेंट्स अपने माता-पिता के साथ मंच पर अपनी कला का जादू बिखेरेंगे। दूसरा, शो अब एक अत्यंत रोमांचक और कड़े पड़ाव में प्रवेश कर चुका है, जहां 'टॉप 10 सुरों की जंग' का औपचारिक आगाज हो रहा है। चिल्ड्रन्स डे के इस खास जश्न की शुरुआत मीर और उनके पिता की मनमोहक प्रस्तुति से होगी, जो पहली बार साथ मंच पर आकर 'केसरिया बालम' गाएंगे। यह प्रस्तुति उनके परिवार में संगीत की सात पीढ़ियों से चली आ रही समृद्ध परंपरा को जीवंत करेगी। इसके अलावा, शिवानी अपने पिता के साथ 'काहे छेड़े' गीत पर मंच संभालेंगी। उनकी इस भावुक और शानदार प्रस्तुति से प्रभावित होकर जज जावेद अली के मुँह से अनायास ही निकल पड़ेगा कि उनके रोंगटे खड़े हो गए हैं। इस माहौल को और अधिक यादगार बनाते हुए शिवानी के पिता जाने-माने गायक शंकर महादेवन के साथ एक अद्भुत म्यूजिकल जुगलबंदी भी पेश करेंगे। बाल दिवस का यह सफर यहीं नहीं रुकेगा। गीत अपने पिता के साथ 'कैसे पहेली जिंदगानी' पर परफॉर्म करेंगी, जिसके बाद उनके पिता साझा करेंगे कि कैसे उनकी बेटी के संगीत के सफर ने उन्हें इस प्रतिष्ठित मंच तक पहुँचाया है। साथ ही, प्रसिद्ध गायक कुमार सानू मिन्हा फातिमा और उनके पिता के साथ 'आज मैं ऊपर' गाने पर खास प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे।



इस भावनात्मक उत्सव के साथ ही शो में कड़े मुकाबलों का दौर भी शुरू हो रहा है। 'टॉप 10: सुरों की जंग' के तहत कंटेस्टेंट्स को अपनी जगह सुरक्षित रखने के लिए कड़ी चुनौतियों का सामना करना होगा। होस्ट श्रेयस तलपड़े 'सुरों का रिंग' पर आधारित एक विशेष कव्वाली चैलेंज पेश करेंगे, जिससे 'फेस ऑफ स्पेशल' की शुरुआत होगी। इसमें अतुल और मीर के बीच 'छाप तिलक', श्रद्धा और शिवानी के बीच 'घर मोरे परदेसिया', तथा अयान और सहजदीप के बीच 'वो शाम कुछ अजीब थी' जैसे बेहतरीन गीतों पर सीधा मुकाबला होगा।

इन दमदार प्रस्तुतियों के साथ-साथ, शो ने दर्शकों के मनोरंजन को एक नए स्तर पर ले जाते हुए 'घर का संगीतस्तान' नामक एक अनोखा टेक्नोलॉजी-आधारित गेमिंग अनुभव भी पेश किया है। दर्शक टीवी स्क्रीन पर आने वाले क्यूआर कोड को स्कैन करके इस लाइव गेम का हिस्सा बन सकते हैं, जिसमें संगीत से जुड़े दिलचस्प बहुविकल्पीय सवालों के जवाब देकर पॉइंट्स और आकर्षक इनाम जीतने का मौका मिल रहा है।

माता-पिता और बच्चों के प्यार, संगीत की अद्भुत विरासत और रोमांचक मुकाबलों से भरपूर 'सा रे गा मा पा 2026' का यह हफ्ता दर्शकों के लिए पूरी तरह से मनोरंजक रहने वाला है। इसे हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे सिर्फ ज़ी टीवी और ज़ी5 पर देखा जा सकता है।

ज़ी सिनेमा चिल्ड्रन्स डे स्पेशल - 'तन्वी द ग्रेट' और 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई

ज़ी सिनेमा इस बाल दिवस (चिल्ड्रन्स डे) पर दर्शकों के लिए दो खास और प्रेरणादायक फिल्मों का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर लेकर आ रहा है। यह खास पेशकश साहस, कल्पना और आत्मविश्वास का बेहतरीन मेल है, जो पूरे परिवार को साथ बैठकर आनंद लेने का अवसर देगी। जश्न की शुरुआत दोपहर 1:30 बजे अनुपम खेर द्वारा निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के प्रीमियर से होगी। यह फिल्म तन्वी (शुभांगी दत्त) के अनोखे सफर को दर्शाती है, जो ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर होने के बावजूद अपने अटूट संकल्प से अपने दिवंगत पिता की इच्छा पूरी करने निकलती है। यह कहानी समाज की रूढ़िवादी सोच को चुनौती देती है और यह संदेश देती है कि अलग होना कोई कमजोरी नहीं है। अभिनेता अनुपम खेर का कहना है कि यह उनकी सबसे निजी फिल्मों में से एक है, जो सपनों पर विश्वास करने का पाठ पढ़ाती है। वहीं, मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने इस किरदार को अपने जीवन का सबसे खास अनुभव बताया है। इसके बाद, रात 8:00 बजे रोमांच और मस्ती से भरपूर फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीर एलियंस का आगमन' का प्रसारण होगा। मनीष सैनी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। यह कहानी स्कूल के बच्चों के एक समूह और उनके कल्पनाशील सफर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें दादा-पोते के खूबसूरत रिश्ते और बचपन की मासूमियत को दर्शाया गया है। जैकी श्रॉफ के अनुसार, हर बच्चा अपने दादा या पिता को सुपरहीरो मानता है और यह फिल्म इसी अनमोल एहसास का जश्न मनाती है। यह दोनों फिल्में मिलकर बाल दिवस को बेहद यादगार बनाती हैं। 'तन्वी द ग्रेट' जहाँ सपनों को पूरा करने का हौसला देती है, वहीं 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' बचपन की कल्पनाओं और पारिवारिक मनोरंजन का भरपूर डोज लेकर आती है।

प्रारूप - 10
(नियम-6(7) देखिए)

प्राधिकृत कार्यालय नगर पालिका गंगापुर जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान)

PH. No.:-01481-220025, 220030 E-mail ID: npgangapur@gmail.com

क्रमांक : न.पा.गं./2026-27/5007 दिनांक :- 04-11.2026

लोक सूचना

श्री महेन्द्र भील पिता श्री श्याम लाल भील निवासी वार्ड नं. 06 गंगापुर एवं श्रीमती ममता देवी खटीक पत्नी श्री मनोहर लाल खटीक निवासी खटीक मोहल्ला वार्ड नं. 13 गंगापुर तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् : -

तहसील, जिला	राजस्व ग्राम व पटवार	खसरा का विवरण	क्षेत्रफल
सहाड़ा जिला भीलवाड़ा	गायत्रीनगर पटवार हल्का गणेशपुरा	1406/155, 156, 159, 160 किता 4, रकबा 0.9631 हैक्टर	103667.12 वर्गफीट यानि 11518.56 वर्गगज यानि 9631 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 13/11/2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, अधिशासी अधिकारी
नगर नगरपालिका गंगापुर

कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक - परि / 2026-27 दिनांक : 12.11.2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखी गई वाहन का स्वामित्व बदलने (ट्रांसफर) हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता को 15 कार्य दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा वाहन हस्तान्तरण कर दिया जाएगा। विज्ञापन का खर्च आवेदक स्वयं वहन करेगा।

वाहन संख्या - (1) आर जे 09 जीई 5822,(2) आर जे 09 जीई 5823,(3) आर जे 09 जीई 5826,(4) आर जे 09 जीई 5890,(5) आर जे 09 जीई 9573,(6) आर जे 09 जीई 9574,(7) आर जे 09 जीई 9575,(8) आर जे 09 जीई 9576, पंजीकृत वाहन स्वामी का नाम व पता - श्री गुरुचरण सिंह, पुत्र श्री रामजीलाल, 158, गुरुनानक नगर, सुल्तानपुर, अंबालासिटी, हरियाणा, हाल - बोजुन्दा, चित्तौड़गढ़। मृतक वाहन स्वामी के उत्तराधिकारी का नाम- प्रभदीप सिंह, पुत्र श्री गुरुचरण सिंह, 158, गुरुनानक नगर, सुल्तानपुर, अंबालासिटी, हरियाणा, हाल - बोजुन्दा, चित्तौड़गढ़। वाहन स्वामी से संबंध- पुत्र,

शेमारूमी की वेब सीरीज 'एक कन्या कुँवारी' : पारिवारिक उम्मीदों और आधुनिक सोच के बीच अपनी पहचान तलाशती शिवानी



लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई

पारंपरिक गुजराती परिवारों में जीवनसाथी की तलाश केवल दो व्यक्तियों का मामला नहीं होती, बल्कि इसमें पूरा परिवार शामिल होता है।

शेमारूमी पर उपलब्ध शेमारू प्रीमियर ओरिजिनल सीरीज 'एक कन्या कुँवारी' इसी पारिवारिक ताने-बाने को हास्य और आत्मीयता के साथ पर्दे पर उतारती है। वडोदरा की एक मध्यमवर्गीय स्वतंत्र बैंक कर्मचारी शिवानी दवे की भूमिका अभिनेत्री जाह्नवी गुरनानी ने निभाई है। सीरीज में शिवानी जब एक के बाद एक संभावित जीवनसाथियों से मिलती है, तो परिवार की अपेक्षाओं और आधुनिक सोच के बीच एक दिलचस्प और सहज सफर शुरू होता है। जाह्नवी गुरनानी का मानना है कि आज की हर लड़की इस किरदार से खुद को जोड़ सकती है।

शिवानी अपने परिवार की जड़ों और परंपराओं का सम्मान करती है, लेकिन वह रिश्तों के दबाव में अपनी व्यक्तिगत पहचान खोने को तैयार नहीं है। वह किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश में है जो कागजी तौर पर परफेक्ट दिखने के बजाय उसके लिए वास्तव में सही हो। यह कहानी कामकाजी महिलाओं के उस निरंतर दबाव को भी बखूबी दर्शाती है, जहाँ उन्हें एक ओर करियर संवारना होता है, तो दूसरी ओर जल्द शादी करके घर बसाने की सामाजिक उम्मीदों का सामना करना पड़ता है। व्यक्तिगत जीवन से तुलना करते हुए जाह्नवी बताती हैं कि शादी को लेकर उनकी और शिवानी की सोच काफी हद तक मिलती-जुलती है। दोनों का मानना है कि एक अच्छी बेटी होने का अर्थ हर बात पर हामी भरना नहीं है। अपनी पसंद और नापसंद स्पष्ट करना आपको गलत या मुश्किल इंसान नहीं बनाता, बल्कि यह आपकी आत्म-जागरूकता को दर्शाता है। शिवानी की यह यात्रा किसी आदर्श पुरुष की तलाश की नहीं, बल्कि अपने उस आत्मसम्मान को बचाने की है जो उसके सपनों और स्वायत्तता का समर्थन कर सके।

गुजराती संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं की पृष्ठभूमि में बुनी गई 'एक कन्या कुँवारी' सीरीज अरेंज मैरिज की व्यवस्था को एक आधुनिक और तार्किक नजरिए से प्रस्तुत करती है। यह सिर्फ एक लड़की के विवाह की नहीं, बल्कि आत्म-खोज और स्वाभिमान की कहानी है। इस अनूठी पारिवारिक और हास्य से भरपूर कहानी का प्रीमियर 22 अक्टूबर को विशेष रूप से शेमारूमी पर हो चुका है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं।